## खबर संक्षेप

### तालाब में नहाने गए 6 वर्षीय बालक की डूबने से हुई मौत

**विजयराघवगढ़।** तालाब में नहाने गए एक 6 वर्षीय मासूम बालक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना ग्राम देवरा कला में हुई। घटना की सूचना कढ़ोरी भूमिया पिता जुग्गू भूमिया द्वारा थाने में दी गई जिसके बाद उपनिरीक्षक अश्वनी यादव, नगर सैनिक रमेश ताम्रकार मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही पूरी की। पुलिस द्वारा बताया गया कि देवरा कला निवासी रामजी भूमिया का 6 वर्षीय पुत्र ऋतिक भूमिया गांव में स्थित तलाब में नहाने के लिए गया था। इसी दौरान बालक गहरे पानी में चला गया जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। जब बालक देर तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों द्वारा तालाब जाकर उसकी तलाश की गई जहां बालक का शव पाया गया। परिजन बालक के शव को घर के गए और इसके बाद खबर पुलिस को दी। मृतक का पोस्टमार्टम कराने उपरांत पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पुलिस की सक्रियता से लापता वृद्ध महिला मिली

**कटनी।** एक वृद्ध महिला अचानक से लापता हो गई। काफी ढूंढने के बाद भी जब नहीं मिली तो परिजनों ने रंगनाथ नगर पुलिस को जानकारी दी। थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाई और टीम की मदद से तत्काल वृद्ध मां को ढूंढ कर सुरक्षित उसके परिवार वालों के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि गत 28 मई 25 को रात 11 बजे कावसजी वार्ड निवासी एक व्यक्ति ने ने थाने आकर सूचना दी कि उसकी 80 वर्ष की मां जिनका स्वास्थ खराब रहता है, रात 10 बजे से घर पर नही है। सभी जगह तलाश कर लिया, लेकिन पता नही चला। जोंकि अपने साथ मोबाईल ले गई है। जिससे कोई संपर्क नही हो रहा है। थाना प्रभारी ने तुरंत ही टीम को शहर के विभिन्न स्थानो, थाना क्षेत्र, स्टेशन, मंदिरो में तलाश किया गया एंव स्थानीय लोगो से पूछताछ की गई। सायबर सेल की मदद से महिला की तलाश की गई। कड़ी मशक्कतो के बाद 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को मुड़वारा रेल्वे ट्रेक के पास से लाकर सुरक्षित उसके पुत्र के सुपुर्द किया गया। बुजुर्ग मां को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली। परिजनों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की।

### किसी और के खाते में चली गई राशि, भटक रहा किसान

**विजयराघवगढ़।** धान व गेहूं विक्रय उपरांत उसकी राशि प्राप्त करने किसान दर-दर भटक रहे हैं। ग्राम रजरवारा नंबर 1 के निवासी रघुवर प्रसाद मिश्रा द्वारा धान विक्रय केंद्र प्रियदर्शनी विपणन सहकारी समिति विजय राघवगढ़ में 52 क्विंटल धान की 13 दिसंबर 2024 को विक्रय की गई जिसमें सहकारी समिति के रसीद क्रमांक00 71 द्वारा स्पष्ट किया गया था। श्री मिश्रा का जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित में होने के कारण इनका आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर खाता के साथ है किंतु बैंक के ऑपरेटर की अनदेखी के कारण इनके खाता क्रमांक में किसी अन्य व्यक्ति का मोबाइल नंबर लिंक होने के कारण धान की राशि 11487 रुपए किसी अनजान व्यक्ति के खाता क्रमांक में जाने के कारण व्यथित किसान रघुवर प्रसाद मिश्र को धान की राशि न मिलने के कारण परेशान सेवा सहकारी बैंक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### गमछे से गला घोट मार डाला

**हरिभूमि न्यूजः कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत झुकेही मार्ग में सड़क किनारे खड़ी एंबुलेंस में चालक की लाश मिलने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। एंबुलेंस चालक द्वारा गाली गलौज करना युवक को इतना नागंवार गुजरा की उसने गमछे से उसका गला घोंट कर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार 27 मई 2025 को थाना कुठला क्षेत्रान्तर्गत कटनी मैहर हाईवे पर मोहन नगर तिराहा के पास आनंद धर्म कांटा के सामने मेन रोड के किनारे झुकेही में एम्बूलेंस में एक व्यक्ति का शव मिला था। मौके पर मृतक अजय चौधरी पिता राजेश चौधरी उम्र 25 साल निवासी ग्राम लम्हेटा थाना भेड़ाघाट जिला जबलपुर का शव एंबुलेंस के अंदर से बरामद किया गया था।

## गोवा के कैसीनो में हैदराबाद के हिस्ट्रीशीटर ने की सतना के युवक की हत्या

**सतना।** गोवा के पणजी में कैम्पल इलाके स्थित कैसिनो कार्निवल में एक हिस्ट्रीशीटर ने सतना निवासी गार्ड की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सतना के सोहौला सोहावल निवासी 33 वर्षीय धीरू शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना 28 मई की रात की है। धीरू मेन गेट पर अपने साथी गार्ड सत्यम गावकर के साथ ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान एक व्यक्ति से उनकी बहस हो गई। आरोपी ने कैसीनो की सीढ़ियों से डंडा निकाला और दोनों गार्ड्स पर हमला कर दिया। हमले में धीरू को सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौत हो गई,जबकि सत्यम गंभीर रूप से घायल हो गया।





### आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान की। उसे डाबोलिम एयरपोर्ट से हैदराबाद की फ्लाइट पकड़ने से पहले गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान हैदराबाद के मिश्री गंज निवासी अब्दुल अल्ताफ के रूप में हुई है। हमले में धीरू को सिर पर गंभीर चोट आई थी। पुलिस के अनुसार,आरोपी के खिलाफ हैदराबाद में कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित कर दिया है।पुलिस आरोपी से पूछताछ कर घटना के कारणों का पता लगा रही है।

### 10 साल से गोवा में नौकरी कर रहा

उधर,धीरू के मौत की सूचना से उसके सतना स्थित उसके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी समेत परिवार वालों ने कैसीनो मालिक को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की है। बड़े भाई रामबहादुर शर्मा ने बताया कि वह पिछले 10 साल से गोवा के कई होटलों में गार्ड की नौकरी कर रहा है। हाल ही में छुट्टी पर घर आया था।जिस कैसीनो में धीरू की हत्या हुई है उसमें वह 2 साल काम कर चुका है। उसने बताया कि 3 बजे रात भाई की हत्या की सूचना आई थी। अब कैसिनो मालिक डेड बॉडी भेजने में आना कानी कर रहे हैं, जबकि सतना के कई लोग गोवा में है।

### वीडियो कॉल पर पत्नी से हुई आखिरी बात

धीरू की पत्नी साक्षी शर्मा ने बताया कि पति से उसकी आखिरी बात वीडियो कॉलिंग के माध्यम से 28 मई की रात में ही हुई थी। उनके 2 बेटे है, जो अभी 7 एवं 5 साल के है। परिजनों ने कार्रवाई की मांग की है।

## एकेएस के डॉ.सिकरवार की पुस्तक प्रकाशित



**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के भारतीय ज्ञान परम्परा विभाग के निदेशक डॉ.रामलखन सिंह सिकरवार ने बुन्देलखण्ड के वृक्ष तथा झाड़ियाँ नामक शीर्षक से पुस्तक प्रकाशित की है। इस पुस्तक का उद्देश्य पाठकों को बुंदेलखंड के मूल निवासी पेड़ों और झाड़ियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। इसे शौकिया और पेशेवर वनस्पति शास्त्रियों के साथ-साथ प्रकृति प्रेमियों के लिए भी सुलभ बनाया गया है जो इस क्षेत्र में उगने वाले पौधों के बारे में अधिक जानने में रुचि रखते हैं। इस गाइड बुक में पेड़ों और झाड़ियों की 243 प्रजातियों का विस्तृत विवरण और रंगीन तस्वीरें मिलेंगी। प्रत्येक प्रजाति के साथ उसके वितरण,आवास,पुष्पन और फलन अवधि के साथ-साथ कुछ औषधीय या पारिस्थितिक उपयोगों की जानकारी भी दी गई है। यह पुस्तक वनपालों,वर्गीकरण वैज्ञानिकों, संरक्षण वादियों,पुष्प वैज्ञानिकों,प्रकृतिवादियों,पर्यावरणविदों और बुंदेलखंड की काष्ठीय वनस्पतियों में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में काम करेगी। इस पुस्तक में प्रत्येक पौधे की प्रजाति का वर्तमान और सही वानस्पतिक नामकरण रंगीन फोटोग्राफ के साथ दिया गया है,जिससे उपयोगकर्ता आसानी से पौधे की पहचान कर सकते हैं। यद्यपि यह पुस्तक बुन्देलखण्ड की वनस्पति पर आधारित है लेकिन बुन्देलखण्ड और विन्ध्य क्षेत्र की वनस्पती में कोई अन्तर नहीं है क्योंकि दोनों क्षेत्र की सीमा मिलती है तथा जलवायु एक जैसी है। इसलिए ये विंध्य क्षेत्र के लोगों के लिए भी उतनी ही उपयोगी है। डॉ.सिकरवार देश के जाने-माने वनस्पतिशास्त्री हैं और उन्होंने जैव विविधता,औषधीय पौधों पर एक दर्जन से अधिक पुस्तकें और 250 शोध पत्र और लेख लिखे हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन और उनके सहकर्मियों ने उन्हें बधाई दी है।

## 2 जून को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे ग्राम रोजगार सहायक, जिला मुख्यालय पर रैली कर सौंपेंगे ज्ञापन



**सतना।** सोमवार को रामनगर ब्लॉक के समस्त ग्राम रोजगार सहायक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस संबंध में ग्राम रोजगार सहायक संघ,मनरेगा ग्राम रोजगार सहायक महासंघ,एवं पंचायत सहायक सचिव कर्मचारी संघ के संयुक्त संगठन मध्यप्रदेश द्वारा रामनगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुन्नीलाल प्रजापति को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि उक्त दिन जिला मुख्यालय में एक रैली का आयोजन कर शासन को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस रैली में शामिल होने हेतु सभी ग्राम रोजगार सहायकों ने एक दिवसीय सामूहिक अवकाश की मांग की है। ब्लॉक अध्यक्ष ग्राम रोजगार सहायक संघ महासंघ पंचायत सहायक सचिव संयुक्त संघ मध्य प्रदेश की ओर से अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध ज्ञापन के माध्यम से किया गया है। संयुक्त संगठन ने मांग की है कि कर्मचारियों के दो जून की रोटी के साथ साथ कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों पर शासन ध्यान दे और जल्द समाधान प्रस्तुत करे। इसी को लेकर मध्यप्रदेश के समस्त ग्राम रोजगार सहायक संघ मनरेगा ग्राम रोजगार सहायक महासंघ पंचायत सहायक सचिव कर्मचारी संघ संयुक्त संगठन मध्यप्रदेश 2 जून को एक दिन के सामूहिक अवकाश पर रहेगा।

## पीएम मोदी आज करेंगे सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण

### मैहर वाली मां शारदा समेत श्रीराम तीर्थ चित्रकूट के लिए तीर्थ यात्री ले सकेंगे लाभ

**सतना।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 31 मई को प्रदेश के दो प्रमुख तीर्थ स्थलों सतना और दतिया को हवाई उड़ान की ऐतिहासिक सौगात देंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी भोपाल से वर्चुअली सतना और दतिया में नव निर्मित एयरपोर्ट्स का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव भी लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव प्रारंभ से ही प्रदेश के प्रमुख शहरों को हवाई सुविधा से जोडऩे में जुटे हुये हैं। सतना और दतिया शहर धार्मिक,औद्योगिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यहां एयरपोर्ट्स की सुविधा आ जाने से तीर्थ यात्रियों को दतिया की मां पीतांबरा पीठ,सतना की मैहर वाली मां शारदा और श्रीराम के वनवास के साक्षी चित्रकूट धाम पहुंचने के लिए हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इस सुविधा से तीर्थ यात्रा सुगम हो जाएगी,साथ ही दोनों क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी।




### विन्ध्य को मिलेगी नई पहचान

विन्ध्य क्षेत्र की औद्योगिक राजधानी सतना में भी नये एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। 37 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह एयरपोर्ट पूर्व निर्मित हवाई पट्टी का पुनर्निर्माण कर आधुनिक स्वरूप में विकसित किया गया है। भारतीय विमान प्राधिकरण (एएआई) ने निर्माण कार्य को रिकॉर्ड समय में 31 अक्टूबर 2024 को पूर्ण कर लिया था और डीजीसीए द्वारा 20 दिसंबर 2024 को लाइसेंस जारी कर दिया गया।इस एयरपोर्ट पर 12सौ मीटर लंबा रनवे,750वर्गमीटर में निर्मित टर्मिनल बिल्डिंग, और एक समय में दो एयरक्राफ्ट पार्किंग की व्यवस्था है।यह एयरपोर्ट अब 19 सीटर विमानों के संचालन के लिए पूरी तरह तैयार है।एयरपोर्ट में सभी आधुनिक सुविधाएं,एटीसी टावर,फायर स्टेशन, वीआईपी लाउंज,दिव्यांग और बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं,ट्रांसफार्मर,डीजी सेट,एम्बुलेंस और सुरक्षा व्यवस्थाएं, छोटे स्वरूप में उपलब्ध कराई गई हैं। यह एयरपोर्ट सतना ही नहीं, बल्कि पूरे विन्ध्य क्षेत्र के उद्योग,पर्यटन,शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा और क्षेत्रीय संपर्क को सुदृढ़ बनाएगा। सतना के एयरपोर्ट के प्रारंभ होने से देश और दुनिया में प्रसिद्ध मैहर की शारदा देवी, भगवान श्री राम की वनस्थली चित्रकूट और ज्ञान के तीर्थ के रूप में विकसित नानाजी देशमुख ग्रामोदय विश्व विद्यालय चित्रकूट आने वालों के लिए बड़ी सुविधा मिल जाएगी। सतना और आसपास का क्षेत्र खनिजों के साथ सीमेंट आदि कारखानों के लिए आने वाले उद्योगपतियों के लिए भी सुविधाजनक हवाई सफर सुनिश्चित हो सकेगा।सतना के एयरपोर्टस तीर्थ यात्रियों के आवागमन के लिए नए द्वार खोल रहा है। इससे प्रधानमंत्री श्री मोदी का नये भारत का वह विजन भी साकार हो रहा है,जिसमें छोटे शहरों को भी बड़ी उड़ान सुविधा दिये जाने का सपना संजोया गया।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन




**सतना।** संचालनालय मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार सतना जिले के दादा सुखेंद्र सिंह स्पोर्टस काम्पलेक्स सतना में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से 30 मई 2025 तक कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में चलाया गया। जिसका समापन 30 मई 2025 को अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल एवं संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एवं प्रभारी सतना की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला खेल प्रशिक्षक एसपी तिवारी द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के संबंध में जानकारी दी गई कि जिला मुख्यालय में 8 खेल में व्हालीबाल,फुटबाल, बास्केट बाल, कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स एवं कराते का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लगभग 700 खिलाडियों ने भाग लिया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र की विकासखण्ड मुख्यालय में दो-दो खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लगभग 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। एक माह तक प्रशिक्षण दे रहे सभी प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया एवं खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों के अभिभावकों की महिला-पुरूष का रिकेषन मैच रस्साकशी एवं 100 मीटर दौड़ कराया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र एवं मेडल से सम्मानित किया गया। खेल के दौरान खिलाड़ियों के अभिभावकों में काफी उत्साह देखा गया। समापन अवसर पर उपस्थित खेल विभाग के कर्मचारी,खेल संघों के पदाधिकारी,व्यायाम निदेशक सीनियर एवं वरिष्ठ खिलाड़ी प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

## शोभायात्रा का हिंदू पर्व समन्वय समिति ने किया भव्य स्वागत



**सतना।** रॉयल राजपूत संगठन द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का हिंदू पर्व समन्वय समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी महापौर योगेश ताम्रकार रामावतार चमड़यि कमलजीत सिंह सेठी लखनलाल केशरवानी हेमचंद जैसवाल हरिओम गुप्ता राकेश रैकवार विभास बैनर्जी दीपक वाधवानी सहित अनेक लोगों ने भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी ने कहा कि महाराणा का नाम इतिहास में वीरता शौर्य त्याग पराक्रम और दृढ प्रण के लिये अमर है। उन्होंने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया।उनके लिए स्वाभिमान और स्वतंत्रता सर्वोपरि थी। महाराणा प्रताप का यह निर्णय केवल एक राजनैतिक कदम नहीं था बल्कि यह उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और मातृभूमि के प्रति उनकी निष्ठा का प्रतीक था। स्वाभिमानी,देशभक्त,वीरयोद्धा,हौसले के धनी,घास की रोटी खाकर जिन्दा रहने तथा दोबारा मेवाड़ राज्य का आधिपत्य स्थापित करने वाले महाराणा प्रताप राष्ट्र नायक के रूप में इतिहास और दुनिया में अमर हो गये। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल क्षत्रिय समाज के बंधुओ का पुष्पवर्षा शीतल जल एवं मिष्ठान से आत्मीय स्वागत किया।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस आज

**सतना।** जिले में मद्यपान एवं मादक पदार्थों,नशीली दवाईयां,शराब एवं नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज,युवाओं को अवगत कराने,नशामुक्ति के लिए जनजागृति के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। नशामुक्ति कार्यक्रम अंतर्गत 31 मई 2025 को विश्व निषेध दिवस का आयोजन किया जायेगा। वर्ष 2025 के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम पर आधारित है।कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को शासन द्वारा आयोजन के संबंध में निर्धारित रुपरेखा के अनुसार गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। जिसमें जिले के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित तम्बाकू नियंत्रण केन्द्र द्वारा तम्बाकू उत्पादों के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी लगाई जायेगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश में स्कूल के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाले विशेष समरकैम्पों में प्रतियोगिताओं में चित्रकला,निबंध लेखन, भाषण,रंगोली आदि का आयोजन किया जायेगा। मैराथन,प्रभातफेरी,नुक्कड नाटक,गीत संगीत के कार्यक्रम होंगे। तम्बाकू सेवन के दुश्परिणामों पर आधारित वॉल पेंटिग,विद्यालय,महाविद्यालयों के 100 मीटर के दायरे में पान-गुटका की दुकानों पर विक्रय पर प्रतिबंध,शासकीय,सार्वजनिक सलों के आस-पास बैनर द्वारा नषामुक्ति के संदेष पर प्रचार-प्रसार किया जायेगा। राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्पलाईन नम्बर 14446 का व्यापक प्रचार प्रसार भी कराया जायेगा।

**आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप**

## अतिथि विद्वान आत्महत्या मामले में पति, सास और ससुर गिरफ्तार

**सतना।**

अतिथि विद्वान डॉ. स्नेहल सिंह की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। कोलगवां थाना पुलिस ने मृतका के पति,सास और ससुर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पति अभिषेक सिंह उर्फ वैभव, सास माया सिंह और ससुर उमेश सिंह को पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ के बाद तीनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। तीनों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।









### घर में किया था सुसाइड

26 मई को डॉ.स्नेहल सिंह का शव शुक्ला बर्दडीह स्थित घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का माना गया,लेकिन मृतका के बेटे ने पिता पर गंभीर आरोप लगाए थे,जिसके बाद जांच का दायरा बढ़ा। वहीं,गुरुवार को एफएसएल टीम ने मौके की दोबारा जांच की थी,जिसमें घर में खून के धब्बे मिले।

# रात्रि मे राजमार्गो, हाइवे पर सुनसान एरिया में खड़े ट्रक व भारी वाहनों से डीजल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 5 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाहनगर व रैपुरा थाना क्षेत्र में ट्रक एवं टैंकर से डीजल चोरी**

**कब्जे से 380 लीटर डीजल कीमती करीब 36 हजार रुपये एवं घटना मे प्रयुक्त कार कीमती करीब 7 लाख रुपये सहित 7 लाख 36 हजार का मशरूका जप्त**

हरिभूमि न्यूज, पन्ना



पन्ना पुलिस ने सुनियोजित एवं त्वरित कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय डीजल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह रात्रि मे सुनसान राजमार्गों पर खड़े ट्रकों/भारी वाहनो से डीजल चोरी करने की वारदातों को अंजाम देता था। गिरोह द्वारा थाना शाहनगर एवं रैपुरा क्षेत्र में हाल ही में डीजल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा पिछले कुछ समय से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों विशेषकर शाहनगर एवं रैपुरा में सुनसान स्थानों पर खड़े ट्रकों/भाही वाहनो से डीजल चोरी की घटनाओं की गंभीरता को देखते आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी शाहनगर एवं थाना प्रभारी रैपुरा के नेतृत्व मे सायबर सेल टीम पन्ना को सम्मिलित करते हुये 02 विशेष संयुक्त पुलिस टीमो का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीमो द्वारा आपोरियो की लगातार तलाश पतारसी करते हुये घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, गिरोह के अंतर्राज्यीय नेटवर्क को ध्यान में रखते हुए आसपास के जिलों से समन्वय स्थापित कर इनपुट जुटाए गए। अनुभवी मुखबिरों के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई एवं समय-समय पर सूचनाएं एकत्र की गई जिसपर तकनीक साधनो एवं मानवीय सूचना के आधार पर संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियो की पहचान कर उक्त आरोपियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी गई। दिनांक 29.05.25 को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी पुनः डीजल चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। जिस पर गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हये योजना बनाकर आज दिनांक 30.05.25 को शाहनगर थाना क्षेत्र से घेराबंदी कर उचित समय पर दबिश देकर 05 आरोपियों को अभिरक्षा मे लिया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना के सम्बंध मे पूछताछ किये जाने पर आपोरियो द्वारा बताया गया कि हम लोग अपने-अपने घरो से कार मे सवार होकर रात्रि करीब 12 बजे राजमार्गो मे निकलते है और ऐसे ट्रको/भारी वाहन जिनके ड्राइवर उनको सूनसान जगह पर किनारे लगाकर रात्रि मे विश्राम कर रहे होते है उन ट्रक/भारी वाहनो की पेट्रॉल टंकी के ढक्कन को हथौड़ी से तोड़कर उसमे सटक से डीजल निकालकर चोरी कर लेते है। पुलिस टीम द्वारा पांचो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुये माननीय न्यालय पेश किया गया ।

**'जप्त सामग्री'**- आपोरियों के कब्जे से पुलिस टीम द्वारा

1. चोरी किया गया 380 लीटर डीजल कीमती करीब 36 हजार रुपये।
2. घटना मे प्रयुक्त कार ग्न्ट 300, ड्च्5र्4 l7603 ।
3. हथौड़ी एंवं प्लास्टिक की सटक

**नाम पता आरोपी**- 5. राहुल लोनी पिता जीतराम लोनी उम्र 22 साल निवासी शिलपुरा थाना कोतमा जिला अनूपपुर म.प्र.।

2. मनीष उर्फ मनेश यादव पिता शिव प्रसाद यादव उम्र 19 साल निवासी लोढा थाना कोतवाली जिला उमरिया।

3. शैलू उर्फ शैलेन्द्र पिता राजेन्द्र सिंह उम्र 30 साल निवासी नगहरी थाना कोतवाली उमरिया।

4. रविन्द्र लोनी पिता श्यामलाल लोनी उम्र 35 साल निवासी लोढा थाना कोतवाली जिला उमरिया।

5. प्रकाश लाल पिता वैगलाल अगरिया उम्र 22 साल निवासी चेतगंज थाना कोतवाली जिला उमरिया।

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी शाहनगर, रैपुरा एंव सायबर सेल पन्ना पुलिस की संयुक्त टीमो ने त्वरित, तकनीकी दक्षता एवं बेहतरीन तालमेल के साथ कार्य किया। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा टीम की सराहना करते हुए 50 हजार रुपये के नगद इनाम से पुरष्कृत किये जाने की घोषणा की गई।

**पुलिस की अपील**- पुलिस अधीक्षक पन्ना की ट्रक/भारी वाहन चालको से अपील है कि सुनसान इलाकों में रात के समय अपने ट्रक खड़े कर विश्राम न करें एवं ट्रक खड़ा करने के लिए किसी सुरक्षित और रोशनी वाले स्थान का चयन करें। यदि किसी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की उपस्थिति का संदेह हो तो तुरंत 100-डॉयल या नजदीकी थाने को सूचित करें।

## खबर संक्षेप

### एक माह में सात अपहर्ताओं को अमानगंज थाना प्रभारी ने किया दस्तयाव

**अमानगंज।** वर्तमान में पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा चलाये जा रहे मुस्कान अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना , एसडीओपी गुनौर के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी अमानगंज के नेतृत्व में लगातार अपहर्ताओं की दस्तयावी की जा रही है, जिसमें एक माह के अंदर सात अपहर्ताओं को दस्तयाव किया गया। इसी क्रम में थाना प्रभारी अमानगंज ने फिर एक टीम गठित कर अपराध क्रमांक 325/25 में अपहर्ता निवासी मढ़िया सिरास्तेदार को दस्तयाव किया जाकर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है । जो अपहर्ता के परिजनों में खुशी का माहौल है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज निरी. माधवी अग्निहोत्री सउनि सी.के. बागरी, प्रआर. शिवम शर्मा, सलीम, आर. सतीश श्रीवास द्वारका , मुनेन्द्र, विश्वास , लखन, मआर. रागिनी सायबर से धर्मेंद्र आशीष का सराहनीय योगदान रहा है ।

### छत्रसाल जयंती पर निकली श्री प्राणनाथ जी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा जी



**पन्ना।** नरवीर, केसरी महाराजा छत्रसाल की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। महाराजा छत्रसाल की जयंती में शिरकत करने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव भी पन्ना आए और छत्रसाल उद्यान में पहुंच कर उनकी प्रतिमा को नमन करते हुए पुष्प माला अर्पित की। इसी क्रम में शाम 6रू00 बजे से श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर के मुख्य द्वार से महाराज छत्रसाल की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में पन्ना महाराज छत्रसाल द्वितीय, पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पांडे, धामी समाज के विद्वान-विदुषी, श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी, ट्रस्टी, प्रबंधक, प्रणामी समाज के युवक, महिलाएं, बच्चे सहित नगर के काफी संख्या में लोग शोभा यात्रा में शामिल रहे। शोभा यात्रा श्री प्राणनाथ चौराहे से होते हुए अजयगढ़ चौराहा, बड़ा बाजार, बलदाऊ जी मंदिर होते हुए छत्रसाल पहुंची जहां पर महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर पुष्प हार अर्पित किए एवं विधिवत पूजा की गई। तत्पश्चात नगर पालिका द्वारा आयोजित पन्ना गौरव दिवस के तहत संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो देर रात्रि तक चलता रहा।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पन्ना कलेक्टर ने बनोली एवं पवई का किया निरीक्षण



**पवई।** आगामी दिनों में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पवई विधानसभा में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहले मां कंकाली बनौली उसके बाद मां कलेही मंदिर परिसर साथ ही छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं देखी पन्ना कलेक्टर द्वारा पत्रकारों से बताया गया की पवई विधानसभा में मुख्यमंत्री महोदय का कार्यक्रम प्रस्तावित है हालांकि अभी समय निश्चित नहीं है मौसम को देखते हुए सभा स्थल हेलीपैड का चयन किया जा रहा है। पत्रकारों द्वारा स्वीकृत हनुमान भाटे पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के सवाल पर उन्होंने बताया कि हनुमान भाटे पहुंच मार्ग मा कलेही मंदिर के पास से ही बनेगा जिसका प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है जिसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। इस अवसर पर पवई विधायक प्रहलाद लोधी भाजपा पदाधिकारी, एसडीएम समीक्षा जैन तहसीलदार प्रीति पंथी थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी सहित प्रशासनिक कर्मचारी अधिकारी पत्रकारगण मौजूद रहे।



## चितरवारा गांव में विकास कार्य ठप, आज़ादी से आज तक नहीं हुआ सीसी रोड निर्माण कार्य, पेयजल संकट से जूझते ग्रामीण

**पवई।** मध्य प्रदेश के जिला पन्ना की जनपद शाहनगर की ग्राम पंचायत मलघन के अंतर्गत आने वाला ग्राम चितरवारा आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। लगभग 300 आबादी वाले इस गांव में अब तक सीसी रोड का निर्माण नहीं हुआ है। बारिश के मौसम में कच्ची सड़कें कीचड़ से भर जाती हैं, जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण खेमा बंजारा का कहना हैं की हम कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, बीमार को अस्पताल ले जाना मुश्किल हो जाता है। एक बार गर्वभाती महिला को चारपाई से सड़क तक ले जाना पड़ा था। सिर्फ सड़कों की ही नहीं, चितरवारा गांव भीषण पेयजल संकट से भी जूझ रहा है। गांव में पर्याप्त हैंडपंप नहीं हैं, और जो हैं भी, वे अक्सर खराब पड़े रहते हैं। महिलाएं और बच्चे दूर-दराज पर स्थिति कुआँ से पानी लाने को मजबूर हैं। महिलाओ का कहना हैं की सुबह-सुबह पानी के लिए लाइन लगाना पड़ता है, कभी पानी आता है, कभी नहीं। गर्मी में हालत और भी खराब हो जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत और प्रशासन से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या चितरवारा जैसे गांवों को विकास की मुख्यधारा में लाना सरकार की प्राथमिकता है। फिलहाल चितरवारा गांव के लोग बुनियादी सुविधाओं के इंतजार में हैं। देखना होगा कि कब तक शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान देता है और ग्रामीणों को उनका हक मिलता है।

**विद्यालय के लिए भी नहीं हैं पक्का पहुंच मार्ग**- यहाँ पर एक प्राथमिक शाला भी स्थित हैं जहाँ पर कोई पक्का पहुंच मार्ग नहीं है। जिस कारण से छोटे बच्चे विद्यालय भी नहीं पंहुचाते है। शासकीय विद्यालय की स्थिति आप फोटो के माध्यम से देख हीं सकते हैं. की किस प्रकार की सड़क बनी हुईं है। ग्रामीणों का कहना हैं इसलिए बच्चे स्कूल जाकर पढ़ाई नहीं कर पा रहे है।

**साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा मां जोलादेवी नारायणपुरा में भक्तों की भारी भीड**

## आज श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र का मार्मिक चित्रण

पवई



जनपद पंचायत पवई ग्राम पंचायत नारायणपुरा में मां ज्वाला देवी मंदिर प्रांगण में ग्राम नारायणपुरा निवासी प्रमुख श्रोता धीरेंद्र कुमार लोधी पत्नी श्रीमती अहिल्याबाई एवं श्रीमती बारीबाई पति स्वर्गीय इमरत लाल लोधी एवं बलदेव प्रसाद लोधी, गंगाराम लोधी के द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं चारों धाम का हवन पूजन का आयोजन 23 मई 2025 शुक्रवार को बैठकी से 31 मई शनिवार 2025 तक का भव्य आयोजन कथावाचक परम पूज्य पंडित श्री रामदुलारे पाठक शिव धाम पवई एवं आचार्य पं0 दशरथ प्रसाद पांडेय नारायणपुरा एवं सहयोगी टीम के द्वारा एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत महापुराण का भव्य आयोजन कराया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन 28 मई 2025 बुधवार को श्री कृष्णा बाललीला , रुक्मणी विवाह का मार्मिक वर्णन करते हुए श्रोताओं का मन मोह लिया। पंडित श्री रामदुलारे पाठक जी पवई क्षेत्र के जाने-माने और प्रसिद्ध भागवत कथाकार हैं जिससे श्रीमद् भागवत कथा में ग्राम नारायणपुरा सहित बनवार, जमनी , कैथी ,खिरवा, सिमरिया गुलाबसिंह बांधा मनकी सहित आसपास के श्रोताओं की भारी भीड़ पहुंच रही है आज 29 में 2025 गुरुवार को श्री कृष्ण जी की कथा एवं सुदामा चरित्र का बहुत ही आदमी चित्रण किया जाएगा जिसमें समस्त श्रुतगों सादर आमंत्रित हैं एवं 30 मई 2025 शुक्रवार को परीक्षित मोक्ष, पुराण की पूर्णता, हवन, गौ तर्पण , पूर्णाहुति, वार्षिक श्राद्ध, ब्राह्मण भोजन, एवं विशाल भंडारे का आयोजन है इस धार्मिक आयोजन की आवस्यक व्यवस्थाओं मे पं0 रामअवतार पाठक, संतोष कुमार पाठक , रामाश्रय प्रसाद दुबे, मनोज कुमार तिवारी, मनीष पाण्डेय ,बंशगोपाल लोधी, नेता पाठक, चंद्रभान लोधी जवाहरलाल कुशवाहा हका लोधी विनोद कुमार लोधी, सत्य कुमार बर्मन, भागीरथ बर्मन, पूर्व सरपंच बद्री प्रसाद लोधी सहित ग्रामवासी लगे हुए हैं।

महाराजा छत्रसाल जी की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित हुआ जिला स्तरीय कवि सम्मेलन का आयोजन

## महाराजा छत्रसाल महान योद्धा के साथ कवि भी थे

हरिभूमि न्यूज, पन्ना




जिले की बहुत बड़ी पुरानी संस्था जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन पन्ना जिसका गौरवमयी इतिहास रहा है के बैनर तले महाराजा छत्रसाल जयंती की पूर्व संध्या पर स्थान साई मंदिर बड़ा बाजार पन्ना में कवि सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महानयोद्धा नरवीर बुन्देलखण्ड केसरी महाराजा छत्रसाल जी के चित्र पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे तथा विशिष्टि अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय जी ने संयुक्त रूप से महाराजा छत्रसाल के चित्र पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का आगाज़ किया।

तत्पश्चात कार्यक्रम के आयोजक लक्ष्मीनारायण चिरोलया ने अतिथि द्वय को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रिन्ट एवं इलैक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े श्री संजय सिंह राजपूत का भी स्वागत किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी कविगणों का स्वागत किया गया। इसके बाद चिरोलया ने अतिथिगणों के सम्मान में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, और संस्था तथा कार्यक्रम की रूप रेखा से अवगत कराया। इसके उपरान्त चिरोलया ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि महाराजा छत्रसाल महान योद्धा के साथ कवि भी थे। कभी उन्होंने महान कवि भूषण की पालकी में कांधा लगाकर उनका सम्मान किया तो उनकी जयन्ती पर नगर पालिका परिषद के द्वारा बीते चार दशकों में साहित्यिक कार्यक्रम के तहत स्थानीय छत्रसाल पार्क में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होते रहे हैं, लेकिन बीते 7-8 वर्षो से यह परम्परा टूट गई, इसके बदले मे कुछ वर्षो से गौरव दिवस का आयोजन होने लगा है, जिसमें साहित्यकार व पत्रकार उपेक्षा के शिकार हुऐ। जबकि साहित्यकार पत्रकारों का आज़ादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्वागत भाषण के उपरान्त सर्वप्रथम इतिहासकार श्री सूर्यभान सिंह परमार ने आधार वक्तव्य स्वरूप महाराजा छत्रसाल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड के महान योद्धा थे। उन्होंने लगभग 52 लड़ाईयॉ लड़ कर फतह हासिल की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मीना राजे तथा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय ने महाराजा छत्रसाल के जीवन पर प्रकाश डाला तथा कार्यक्रम की सराहना करते कहा कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन पन्ना के तत्वाधान में कार्यक्रम होते रहना गौरव की बात है। इस दिशा में श्री चिरोलया बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रिन्ट एवं इलैक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े संजय सिंह राजपूत ने कहा कि नई पीढ़ी में साहित्य का प्रार्दूभाव खत्म सा हो रहा है, नई पीढ़ी का साहित्य के प्रति रूझान नहीं है। इस दिशा में यह कार्यक्रम होना गौरव की बात है, जिससे नई पीढ़ी में साहित्य का सन्देश पहुंचेगा और साहित्य भारतीय संस्कृति से जुड़ी परम्परा है जिसका हमेशा से प्रचार होता रहा है परन्तु दो-तीन दशकों से सरकारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा पन्ना में संयुक्त रूप से साहित्य पत्रकार भवन बनाने का जो प्रयास संस्था द्वारा किया जा रहा है उसमें जन प्रतिनिधि सहित अधिकारियों का सहयोग बहुत जरूरी है, मगर जिला प्रशासन के द्वारा कोई खास रूचि नहीं ली जा रही है, जिससे संस्था और साहित्यकारों का विश्वास शासन-प्रशासन पर से उठने लगा है। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में कवि सम्मेलन प्रारम्भ हुआ जिसमें वरिष्ठ कवि पं.उमादेव उपाध्याय, लक्ष्मीनारायण चिरोलया, अश्वनी कुमार चतुर्वेदी, जयदीप सिंह, रघुवीर तिवारी, सुरेश श्रीवास्तव सहित कु0शीलू पटेल तथा सीताराम कुशवाहा, उमेश श्रीवास्तव, पंकज त्रिपाठी, जयपाल सिंह, प्रमोद पाठक व विनोद अवस्थी आदि कविगणों ने रचना पाठ किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ.महेश खैरहा, विजय कुमार चन्सौरिया, प्रमोद पाठक, विजय कुमार शर्मा, दुर्गश शिवहरे, नरेन्द्र गुप्ता, कमलेश कुमार भार्गव, विश्वनाथ जोशी, रमन प्रसाद श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार दुबे, संदीप पाण्डेय, अरविन्द यादव, राजेश रावत, रोशन सिंह, रतन सिंह, मनोज सेन, अर्चना प्यासी, रामानुज मिश्रा, राघवेन्द्र पाण्डेय, संदीप वर्मा, राजेश प्रजापति, राजेन्द्र लोध, संतोष तिवारी, अरूण कुमार जैन, रामकृपाल सोनी, ज्योति गुप्ता, गणेश सिंह, वीरेन्द्र कुमार जड़यि, अजय कोंदर, नरेन्द्र कुमार शिल्पी, किशन शिवहरे, रोहित शर्मा सहित भारी संख्या में लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विशेष रूप से प्रिन्ट एवं इलैक्ट्रिनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारजनों की सराहनीय उपस्थिति रही। अंत में सभी का आभार संस्था के महामंत्री राजीव तिवारी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संयुक्त रूप से लक्ष्मीनारायण चिरोलया एवं सुरेश श्रीवास्तव ने किया। इस तरह उक्त कार्यक्रम शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है और साहित्य प्रेमीजन संस्था से जुड़ने लगे हैं।

## मजदूरों से भरा तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा एक महिला और बच्ची गंभीर



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम पाठा के कुछ आदिवासी मजदूर जो आज अपनी मजदूरी करके किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बाजना से वापस अपने घर पाठा की ओर आ रहे थे उनका तेज रफ्तार ट्रैक्टर पेट्रोल पंप को क्रॉस करते ही अचानक अनियंत्रित होकर जा पलटा इस घटना में एक आदिवासी महिला मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गई और एक 6 वर्षीय बच्ची भी घटना में गंभीर रूप से चोटील बताई गई जबकि कई अन्य मजदूर भी छोटी-छोटी चोटों-चोटील चोटों से चोटील बताया जा रहे हैं घटना में गंभीर रूप से घायल हुई महिला का नाम मुन्नी पति गोपी आदिवासी उम्र 36 वर्ष निवासी पाठा गंभीर रूप से घायल हुई जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सीधा जबलपुर रवाना किया गया इस घटना में 6 वर्षीय बच्ची राशि पिता लक्ष्मण गंभीर रूप से घायल बताई गई घटना कैसे बनी यह सब पुलिस जांच का विषय खड़ा हुआ है जो किशनगढ़ थाना क्षेत्र जिला छतरपुर के अंतर्गत आता है बाकी मजदूर सभी अमानगंज पुलिस थाना जिला पन्ना के निवासी हैं घटना के बाद सभी मजदूरों के घरों में भारी दुख और आक्रोश नजर आया जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में देखने मिला ।

### अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक और साथी घायल





**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गुनौर रोड पेट्रोल पंप के पास एक सड़क हादसे में एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना उस समय हुई जब एक अज्ञात ट्रैक्टर ने तेज रफ्तार में आकर बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गयाप्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक चालक अमानगंज से घटारी कि ओर जा रहा था, तभी अचानक एक तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक मदन चौधरी पिता दुलारे चौधरी उम्र 27 वर्ष निवासी घटारी और केश कुमार चौधरी पिता सुदर्शन चौधरी उम्र 25 निवासी भटनबारा जो कि अपनी रिश्तेदारी में आया था गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तुरंत अमानगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया ।

## वैशाली रजक बनी सहायक प्राध्यापक



**पवई।** पवई के बार्ड 12 निवासी कमलेश रजक की पुत्री वैशाली रजक ने सहायक प्राध्यापक (हिंदी )की परीक्षा 2022 में 24 वर्ष की आयु में सफलता प्राप्त कर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी की महिला श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वैशाली ने वर्ष 2021 में बी.ए. की पढ़ाई गर्ल्स कॉलेज से पूरी की और 2023 में डॉक्टर हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। वर्तमान में वे महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही हैं। अपनी सफलता के पीछे वैशाली ने अपने परिवार और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उनके दादा आसाराम रजक और दादी श्रीमती द्रौपदी भाई रजक ने पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया, जबकि उनके पिता कमलेश रजक और माता श्रीमती बेबी रजक ने हर कदम पर प्रोत्साहित किया। साथ ही, गुरुजनों के मार्गदर्शन और मित्रों के सहयोग को भी उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। शैक्षणिक पृष्ठभूमि की बात करें तो वैशाली रजक ने वर्ष 2016 में शासकीय मॉडल स्कूल, पवई से 10वीं में 89.33ः अंक और वर्ष 2018 में 12वीं में 86.8ः अंकों के साथ सफलता प्राप्त की थी। वैशाली की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि क्षेत्र की बेटियों के लिए एक प्रेरणा भी प्रस्तुत की है। इसी तरह उमरिया निवासी राजेश पटेल ने भी सहायक प्रध्यापक की परीक्षा उत्तीर्ण की है बह लगातार 2017 से प्रयासरत थे, दोनों की सफलता पर सभी लोगो ने बधाइयां प्रेषित की है।

## खबर संक्षेप



### बस स्टैंड पर सवारियां भरने को लेकर हुआ विवाद, जमकर चले लात-घूंसे और बेल्ट

**छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड पर दो बसों के स्टाफ के बीच सवारियां भरने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले और एक युवक ने दूसरे की बेल्ट से मारपीट की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें खुलेआम गाली-गलौज और मारपीट देखी जा सकती है। हैरानी की बात यह रही कि इस गुंडागर्दी के दौरान न तो पुलिस और न ही यातायात पुलिस मौके पर दिखाई दी। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक युवक ने दूसरे को बेल्ट से पीटा, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे। इस दौरान बस स्टैंड पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की गंभीरता के बावजूद, कोतवाली पुलिस और यातायात पुलिस की अनुपस्थिति ने स्थानीय लोगों में नाराजगी पैदा की है।

### विद्युत विभाग ने काटे कई स्कूलों के बिजली कनेक्शन



**छतरपुर।** बकाया बिल न चुकाने के कारण विद्युत विभाग ने शहर के कई स्कूलों के बिजली कनेक्शन काट दिए हैं, जिससे आगामी 2 जून से शुरू होने वाली कक्षा पांचवीं और आठवीं की सप्लीमेंट्री परीक्षाओं पर संकट मंडरा रहा है। शहर के महलों के समीप स्थित शासकीय नवीन माध्यमिक शाला सहित कई अन्य स्कूलों में पिछले कुछ दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। विद्युत विभाग ने बकाया बिलों के भुगतान न होने के कारण इन स्कूलों के कनेक्शन काट दिए हैं। आगामी 2 जून से कक्षा पांचवीं और आठवीं की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं और स्कूलों में पंखे, लाइट और अन्य आवश्यक सुविधाएं बंद हैं। इस संबंध में जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) ए.एस. पांडेय से बात करने पर उन्होंने आश्वासन दिया कि परीक्षा से पहले बिजली व्यवस्था को ठीक कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, हम इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और विद्युत विभाग से बात कर जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कराने का प्रयास करेंगे ताकि छात्रों की परीक्षा प्रभावित न हो।

### लावारिश हालत में मिली जिला अस्पताल से चोरी हुई बाइक



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिला अस्पताल से दो दिन पहले चोरी हुई एक बाइक को छत्रसाल चौक के पास राकेश मेडिकल स्टोर के सामने लावारिस हालत में बरामद किया गया है। बाइक के मालिक मधुराम पटैरिया, जो सीताराम कॉलोनी के निवासी हैं, ने बताया कि उनकी बाइक 28 मई को जिला अस्पताल परिसर से चोरी हो गई थी। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार, यह बाइक पिछले दो दिनों से छत्रसाल चौक पर लावारिस हालत में खड़ी हुई थी। सूचना मिलने के बाद मधुराम ने मौके पर पहुंचकर अपनी बाइक की पहचान की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किशनगढ़ घाटी में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली



**छतरपुर।** जिले के किशनगढ़ थाना में घाटी के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें आदिवासी समाज के करीब 20 लोग घायल हुए हैं। बताया गया है कि बड़ामलहरा क्षेत्र के सूरजपुरा ग्राम से बच्चे के पलना पूजन समारोह में शामिल होकर घायल लोग अमानगंज के पाठा गांव लौट रहे थे।

## विधायक राजेश शुक्ला ने किया लोकार्पण, बोले- जल गंगा अभियान एक प्रेरणा

# श्री जानकी निवास मंदिर में 150 वर्ष पुरानी बावड़ी का हुआ जीर्णोद्धार

नगर के श्री जानकी निवास मंदिर परिसर में 150 वर्ष पुरानी बावड़ी का जीर्णोद्धार कर इसे पुनर्जनन प्रदान किया गया है, जिसका लोकार्पण बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने श्रद्धापूर्वक किया।

हरिभूमि न्यूज, बिजावर।


जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत यह कार्य न केवल ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि जल संरक्षण और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था का भी उत्कृष्ट उदाहरण है। यह बावड़ी, जो कभी बिजावर की जीवनरेखा थी, अब भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा और आध्यात्मिक गौरव का स्रोत बनेगी।

विधायक श्री शुक्ला ने बताया कि बिजावर की ऐतिहासिक नगरी में स्थित श्री जानकी निवास मंदिर परिसर की यह 150 वर्ष पुरानी बावड़ी समय की उपेक्षा और रखरखाव के अभाव में जीर्ण-शीर्ण हो चुकी थी। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इस बावड़ी को नया जीवन देने का संकल्प लिया गया। विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व और प्रेरणा से शुरू हुए इस जीर्णोद्धार कार्य को एसडीएम विजय द्विवेदी के कुशल मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। प्रशासक व तहसीलदार अभिनव शर्मा ने इस परियोजना की जिम्मेदारी संभाली, जबकि सीएमओ संतोष सैनी ने कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की। बावड़ी की सफाई, मरम्मत और आसपास के परिवेश को सुंदर बनाने का कार्य उच्च मानकों के साथ पूरा किया गया, जिससे यह जल स्रोत पुनः उपयोगी और आकर्षक बन सका।



लोकार्पण समारोह में विधायक राजेश शुक्ला ने कहा, यह बावड़ी केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति और पूर्वजों की विरासत का प्रतीक है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इसका जीर्णोद्धार हमें जल संरक्षण और अपनी धरोहरों के प्रति कर्तव्यबोध की प्रेरणा देता है। जनभागीदारी और प्रशासनिक समन्वय ने इस कार्य को ऐतिहासिक बना दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चल रहे जल संरक्षण प्रयासों की सराहना की और बिजावरवासियों से इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में तहसीलदार इंद्र कुमार गौतम, अरविंद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राघवेंद्र यादव, उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता और वरिष्ठ पत्रकार अरविंद अग्रवाल, संजू पंडित, सुरेंद्र तिवारी, पिंकू गुप्ता, मनीष बाजपेयी, आनंद पाठक, बादल बाबू, रवि चौड़ा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को बिजावर के लिए गौरवमयी बताया और इसे जल संरक्षण के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का कदम माना।

## चार साल पहले हुई चोरी के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने वर्ष 2021 में देरी तिराहा स्थित एक ज्वैलरी दुकान में हुई चोरी के मामले में शेष दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 50,000 रुपये नगद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। थाना प्रभारी निरीक्षक बाल्मिक चौबे ने बताया कि इस प्रकरण में पूर्व में दो आरोपियों, आदित्य शर्मा निवासी दरगुवां और हीरालाल अहिरवार निवासी बाजना को गिरफ्तार किया गया था, साथ ही चोरी की गई संपत्ति भी बरामद की गई थी। शेष आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही थी। पुलिस की विशेष टीम ने आरोपी हरभजन पुत्र काशीराम यादव सहित एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से नगद 50,000 रुपये और चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, और लंबित प्रकरण के निराकरण की कार्रवाई जारी

### पकड़े एक सैकड़ा से अधिक इनामी अपराधी



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में छतरपुर जिले में कई वर्षों से लंबित आपराधिक मामलों के फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे न्याय पथ अभियान में शानदार सफलता हासिल की गई है। इस अभियान के तहत 25 वर्ष तक पुराने हत्या के प्रयास, डकैती, अपहरण, बंधक, दुष्कर्म, चोरी, छेड़छाड़, धोखाधड़ी, अवैध हथियार और विस्फोटक अधिनियम जैसे गंभीर अपराधों के 118 से अधिक प्रकरणों में ढाई लाख रुपये से अधिक के इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने 8 वर्ष पुराने दो अवैध हथियार, एक अवैध वसूली और एक बंधक बनाकर मारपीट के चार प्रकरणों में फरार 10,000 रुपये के स्थाई वारंटी आरोपी प्रमोद बुनकर, पिता पूरनलाल बुनकर, निवासी मंगल पुरवा, थाना बिजावर, हाल पता सटई रोड, छतरपुर को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, वर्ष 2021 के एक चोरी के प्रकरण में दो अन्य आरोपियों को भी हिरासत में लिया गया।

## ईशानगर में फर्जी क्लीनिक पर छापा, दवाएं जब्त

# झोलाछाप डॉक्टर पर दर्ज हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज, ईशानगर।

स्वास्थ्य विभाग ने विशेष अभियान के तहत गत रोज कस्बे के एक फर्जी क्लीनिक पर छापेमारी कर झोलाछाप डॉक्टर जमील खान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। जांच में पाया गया कि जमील खान बिना वैध दस्तावेज और डिग्री के मरीजों का इलाज कर रहा था। गुरुवार को ईशानगर थाने में उसके खिलाफ मध्य प्रदेश उपचार्य गृह अधिनियम और मध्य प्रदेश राज्य आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम के तहत प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एसडीएम अखिल राठौर और तहसीलदार के निर्देश पर 26 मई को ईशानगर में फर्जी क्लीनिकों पर छापेमारी की। इस दौरान जमील खान को बिना किसी वैध डिग्री या क्लीनिक पंजीकरण के एलोपैथी दवाओं और इंजेक्शनों से मरीजों का इलाज करते पाया गया। टीम ने क्लीनिक से बड़ी मात्रा में एलोपैथी दवाएं और इंजेक्शन जब्त किए। बीएमओ डॉ. गिरीश साहू ने 27 मई को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसके आधार पर 29 मई को एफआईआर दर्ज की गई और क्लीनिक को सील कर दिया गया। बीएमओ डॉ. गिरीश साहू ने बताया, बिना दस्तावेज और डिप्लोमा के इलाज करना जनस्वास्थ्य के लिए खतरा है। हमने सख्त कार्रवाई की और क्लीनिक सील कर दिया। थाना प्रभारी शैलेंद्र सक्सेना ने



## राजस्थान की मांगणियार-कालबेलिया कला और दतिया की सुंदरिया लोक नाट्य ने बांधा समां

### महाराजा छत्रसाल विरासत महोत्सव में दिखा राजसी परंपराओं और लोकसंस्कृति का संगम

छतरपुर।




पर्यटक ग्राम मऊसहानियां में चल रहे महाराजा छत्रसाल विरासत महोत्सव के पहले दिन बुंदेलखंड की शान और राजसी परंपराओं को जीवंत करने वाली प्रस्तुतियां हुईं। राजस्थान की मरुभूमि से आई मांगणियार गायन और कालबेलिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही दतिया के सुंदरिया लोकनाट्य की प्रस्तुति ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया।

उल्लेखनीय है कि महाराजा छत्रसाल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ बीती शाम हुआ, जिसमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शौर्य पीठ पर महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। पहले दिन की प्रस्तुतियों में राजस्थान के जोधपुर से आए अप्पानाथ कालबेलिया समूह ने मांगणियार गायन और कालबेलिया नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। मांगणियार कलाकारों के मधुर स्वरों में लोकदेवताओं की कथाएं, प्रेम की पीड़ा और राजस्थानी संस्कृति की खुशबू घुली थी, जिसने मऊसहानियां की धरती को राजस्थान की माटी की सुगंध से सराबोर कर दिया। कालबेलिया नृत्यांगनाओं की लचकदार कमर और घूमते घाघरों ने मानो हवा में रंग बिखेर दिए, जो सदियों पुरानी राजस्थानी परंपराओं की जीवंत मिसाल बने। इसके साथ ही, दतिया के राजेश लिटोरिया और उनकी टीम ने सुंदरिया लोकनाट्य की प्रस्तुति दी। जबलपुर की लोक गायिका संजो बघेल ने अपने भक्ति गायन से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। यह प्रस्तुतियां रात 12 बजे तक चलीं, और बड़ी संख्या में लोग इन सांस्कृतिक प्रदर्शनों का आनंद लेते रहे।

## हवाई फायरिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार अवैध हथियार और मोटर साइकिल जप्त

छतरपुर।



सिविल लाइन थाना क्षेत्र के देरी रोड पर बीते दिन हुई गोलीबारी की घटना में सिविल लाइन थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में उपयोग की गई 12 बोर की देशी अद्धी और मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक बाल्मिक चौबे ने बताया कि पुलिस को दो दिन पहले सागर रोड के पास गोली चलने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए। फरियादी की शिकायत पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मुखबिर की सूचना और एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी उत्तर प्रदेश के महोबा और बांदा जिले की ओर भागे हैं। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीछा किया और दोनों आरोपियों को बांदा जिले से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रवीण उर्फ बिट्टू मिश्रा निवासी ग्राम उजरा, हाल निवासी सीताराम कॉलोनी, छतरपुर और राजवर्धन उर्फ राज उर्फ क्षितिज सिंह पिता जगदीप सिंह चौहान निवासी दुर्गा कॉलोनी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 12 बोर देशी अद्धी और मोटरसाइकिल बरामद की। उन्होंने बताया कि बिट्टू मिश्रा का पूर्व में भी हत्या के प्रयास जैसे अपराधों में आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है, और मामले की विवेचना जारी है।

## बालाजी की भक्ति में बेटी कर रही अनूठी साधना, ओरछा से बागेश्वर धाम तक लुढ़कते हुए जा रहीं सविता

छतरपुर।

मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले की एक बेटी अपनी अटूट भक्ति और अडिग संकल्प के साथ बागेश्वर बालाजी और धाम के पीठाधीश्वर के दर्शन के लिए 230 किलोमीटर की कठिन यात्रा तपती सड़कों पर लुढ़कते हुए कर रही है। भीषण गर्मी और तपती धरती पर यह साधना न केवल उनकी आस्था को दर्शाती है, बल्कि सनातन धर्म की महिमा को भी उजागर करती है। उनके पिता और दोनों भाई नंगे पैर इस पुण्य यात्रा में सहयोगी बनकर नारी शक्ति और पारिवारिक एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। यह यात्रा हिंदू राष्ट्र के संकल्प की सिद्धि के लिए समर्पित है, जो बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर की प्रेरणा से शुरू की गई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिवपुरी जिले के पिपरा गांव की सविता झा ने अपनी इस अनूठी तपस्या की शुरुआत 10 मई 2025 को की, जब वे श्री रामराजा सरकार के दर्शन के लिए शिवपुरी से ओरछा के लिए पैदल निकलीं। 13 मई को ओरछा में रामराजा सरकार का आशीर्वाद लेने के बाद, सविता ने बागेश्वर धाम की ओर अपनी लुढ़कन यात्रा शुरू की। शुक्रवार, 30 मई तक वे छतरपुर पहुंच चुकी हैं और शनिवार, 31 मई को बागेश्वर धाम पहुंचकर श्री हनुमान बालाजी के दर्शन कर अपनी साधना पूर्ण करेंगी। इस यात्रा में वे प्रतिदिन लगभग 12 किलोमीटर की दूरी तपती सड़कों पर लुढ़कते हुए तय करती हैं, जो उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और भक्ति का प्रतीक है।



### बेटी के पवित्र संकल्प में पिता और भाई बने सहयोगी

सविता के बड़े भाई जीतेंद्र झा ने बताया कि हमने सविता को इस कठिन यात्रा से रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन उनकी भक्ति और संकल्प के आगे हम झुक गए। उनकी आस्था देखकर हम तीनों- मैं, पिता और छोटा भाई, सविता के साथ इस पुण्य यात्रा में शामिल हो गए। पिता शोभाराम झा ने भावुक होकर कहा, यदि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आशीर्वाद प्राप्त हुआ, तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा। यदि मुलाकात न भी हुई, तो बालाजी के दर्शन ही हमारी साधना का फल होगा। हम अपनी बेटी के इस पवित्र संकल्प में पूर्ण सहभागी हैं। छोटा भाई सूरज झा धर्मध्वजा थामे इस यात्रा में सविता का हौसला बढ़ा रहा है। पूरा परिवार नंगे पैर चल रहा है, और पिता बाइक पर खाने-पीने का सामान ढोते हुए इस तपस्या का हिस्सा बने हुए हैं। सविता झा ने अपनी तपस्या का उद्देश्य साझा करते हुए कहा, मैं पिछले चार वर्षों से बागेश्वर धाम से जुड़ी हूं और गुरुदेव धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से दीक्षा प्राप्त है। यह 230 किलोमीटर की यात्रा मैं गुरुदेव के हिंदू राष्ट्र के संकल्प की सिद्धि के लिए कर रही हूं। मेरी कामना है कि सनातन धर्म का गौरव और एकता पूरे विश्व में स्थापित हो।

## खबर संक्षेप

### फर्जी नियुक्ति मामले बाबू पर गिरी गाज, निलंबित

**रीवा।** स्कूल शिक्षा विभाग के जिला कार्यालय द्वारा की गई फर्जी अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरण में कलेक्टर के आदेश पर अनुकम्पा नियुक्ति कक्ष प्रभारी रमाप्रसत्रधर द्विवेदी मूल पद अन्वेषक को निलंबित कर दिया गया। निलंबन आदेश डीईओ सुदामालाल गुप्ता ने जारी किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय बीईओ आफिस सिरमौर नियत किया गया है। बताया गया है कि फरवरी माह में जवा क्षेत्र के परसिया निवासी बृजेश कोल द्वारा अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित समस्त फर्जी दस्तावेज डीईओ कार्यालय में फरवरी 2025 में जमा किए थे। संबंधित बाबू द्वारा गहनता और सजगता से दस्तावेजों की जांच नहीं की। फलस्वरूप अप्रैल 2025 में डीईओ ने युवक को शाउमावि जोडौरी में भृत्य के पद पर पदस्थ करने संबंधी आदेश दे दिया। युवक ने स्कूल में ज्वाइन भी कर लिया। स्कूल में जब युवक से उसकी मां से संबंधित दस्तावेज आदि मांगे गए तो युवक आनाकानी करने लगा। कुछ समय बाद युवक ने स्कूल आना बंद कर दिया। जिसके बाद प्राचार्य द्वारा इस संबंध में डीईओ से शिकायत की गई। जब मामले की जांच डीईओ द्वारा गठित जांच कमेटी ने की तो पाया गया कि युवक द्वारा फर्जी दस्तावेज देकर अनुकंपा नियुक्ति हासिल की है। इस मामले में बाबू द्वारा दस्तावेजों की सही तरीके से जांच नहीं की। जिसके कारण बाबू को निलंबित करने संबंधी आदेश डीईओ ने जारी किया है।

### अज्ञात कारणों से किसान ने निगला जहर हुई मौत

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर में रहने वे एक किसान ने अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर आत्महत्या कर ली, वही पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि लक्ष्मणपुर निवासी कमलेश पटेल ने अज्ञात जहर का सेवन उस समय किया जब घर में उसकी मां मौजूद थी दोपहर जब उसकी हालत बिगड़ी तो शोर शराबा हुआ और किसान को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। । मृतक के पुत्र रजत पटेल ने बताया कि घर के सभी लोग काम पर चले गए थे जबकि उसके पिता खेत गए थे शाम को पता चला कि पिता ने जहर का सेवन कर लिया है तब उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे थे। मृतक कमलेश पटेल ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया अभी इस संबंध में पुलिस कुछ भी कहने को तैयार नहीं है माना जा रहा है कि आर्थिक तंगी व घरेलू कलह के चलते किसान के द्वारा जहर का सेवन किया गया है परिजनों का यह भी कहना है कि कुछ समय पूर्व कमलेश पटेल के द्वारा एक ट्रैक्टर भी फाइनेंस कराया गया था । हालांकि घटना के कारण क्या है इस बात की जानकारी पुलिस के द्वारा परिजनों से ली जा रही है।

### श्रमोदय आदर्श आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**रीवा ।** श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आवेदक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डीएसडी डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन पर 31 मई तक पंजीयन कर सकते हैं। इस संबंध में श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट के लिये दो वर्षीय पाठक्रम तथा फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन आयओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन किये जा सकते हैं। वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है जबकि शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आईटीआई में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाहय में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

# सेमरिया थाना क्षेत्र के बाबूपुर बरा गांव की घटना

# आकाशीय बिजली गिरने से पति-पत्नी सहित मासूम बच्चे की मौत

**जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र के बाबूपुर बरा गांव में गुरुवार की सुबह आकाशीय बिजली एक ही परिवार के तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई,बता दे बारिश से बचने परिवार आम के पेड़ के नीचे खड़ा हुआ था तभी आकाश से गाज गिरी जिसमे पति, पत्नी और मासूम बच्चे की मौत हो गई।**

हरिभूमि न्यूज, रीवा।



घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 12 बजे तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई जिससे बचने के लिए बरा गांव में चार लोग आम के पेड़ के नीचे चले गए। बताया गया कि पेड़ की उत्तर दिशा की तरफ चार लोग थे तो वहीं अन्य दक्षिण दिशा की ओर छिपे थे, तभी आकाश से तेज चमक के साथ आम के उत्तर दिशा की ओर गाज गिर गई। आकाशीय बिजली गिरने से ज्योति वासुदेव पति आशीष वासुदेव 26 वर्ष, आशीष वासुदेव पिता प्रेमलाल 32 वर्ष व कृष्णा वासुदेव पिता आशीष उम्र 8 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हुए जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि एक दो साल की मासूम बालिका को परिजन कंबल पर छिपा कर रखे थे जिससे वह नैना वासुदेव बच गई वहीं प्रेमलाल पिता रामेश्वर घायल हुए है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज हवा के साथ बादल गरजने लगे तभी बिजली गिरी और एक ही परिवार के पांच लोग इसकी चपेट में आगे जिसमें तीन लोगों की मौत हो चुकी है, पुलिस ने मृतको के शव को पीएम के लिए मर्चुरी में भिजवाया था्र इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। प्रशाासन से पीड़ित परिवार को हर संभव आर्थिम मदद दिलाने का आश्वासन दिया है, वहीं आम लोगो से अपील की गई है कि बारिश के समय पेड़ के नीचे जाने से बचे जिससे इस तरह की अनहोनी से बचा जा सके।

## वर्षा से पूर्व सड़कों का सुधार कार्य पूरा करायें - कलेक्टर



**रीवा ।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वर्षा से पूर्व सभी सड़कों का सुधार कार्य करायें तथा जहां पैच वर्क कराया जाना है वहाँ तत्काल कार्य प्रारंभ करायें।

कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने परफारमेंस ग्रांट के तहत कार्यों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा कार्य न प्रारंभ होने पर संविदाकार एवं संबंधित एसडीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने मनगवां से चाकघाट मार्ग में निर्माण एजेंसी द्वारा व्यवस्थित ढंग से पैच कार्य न करने पर नोटिस देने के निर्देश एमपीआरडीसी के अधिकारी को दिये। कलेक्टर ने पीएम जीएस वाय की सड़कों सहित रीवा नगर निगम क्षेत्र में सड़कों के सुधार कार्य 20 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी नालों, पुलियों की सफाई करायें ताकि वर्षाकाल में निर्वाध पानी की निकासी हो सके। जल भराव न हो। कलेक्टर ने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षाकाल से पहले डूबने वाले पुल-पुलियों की पहचान कर चेतावनी के बोर्ड लगवाएं तथा निर्माण कार्यों को इस स्तर तक पूर्ण करें ताकि वर्षा के कारण व्यवधान न आने पाए। उन्होंने कहा कि अनुबंध की समय सीमा में कार्य को पूर्ण कराने के लिए कार्यपालन यंत्री अपने स्तर पर संबंधित निर्माण एजेंसी व अधीनस्थ अधिकारियों की समीक्षा करें। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेलगाम शराब दुकानों पर आबकारी आमले ने कसा शिकंजा, कलेक्टर के निर्देशन पर हुई कार्रवाई

# सात दुकानों पर मिली अनियमितता, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज, रीवा।

जिले में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शराब कारोबारियों द्वारा सारे नियम कायदों को ताक में रखकर न केवल महंगे दाम पर शराब बेची जा रही थी बल्कि शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में संचालित शासकीय शराब दुकानो से रेट सूची भी गायब थी जिसका सुरा प्रेमियों द्वारा विरोध किया जा रहा था वही जिले में कानून कायदों को ठेंगा दिखाते हुए बिना रेट सूची की संचालित मदिरालयो की खबर को पब्लिक वाणी समाचार पत्र द्वारा प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था, वही खबर का असल इस कदर हुआ कि कलेक्टर रीवा पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए नियम का पालन न करने वाली लाइसेंसी शराब दुकानो पर जांच एवं कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे, जिलाधीश के जारी आदेश पर आबकारी आमले द्वारा दुकानों में रेट सूची चस्पा न करने, अधिक कीमत पर शराब बेचने सहित कई अनियमितताओं के सामने आने के बाद आबकारी महकमे ने गुरुवार से मदिरा दुकानों पर कार्रवाई शुरू कर दी। गुरुवार को कार्रवाई के दौरान 7 मदिरा दुकानें ऐसी पाई गई जहां शराब ठेकेदार नियम विरुद्ध शराब दुकान का



संचालन कर रहे थे। गौरतलब है कि इस आशय की शिकायत अभी हाल ही में कलेक्टर प्रतिभा पाल को मिली थी जिस पर उन्होंने आबकारी महकमे को मदिरा दुकानों का निरीक्षण करने और अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मदिरा दुकानों में पहुंचे आबकारी महकमे ने इस आशय की जांच की कि दुकानों में रेट सूची चस्पा है या नहीं, निर्धारित अवधि खोली जाती हैं अथवा के पहले और बाद में दुकानें नहीं। जांच के दौरान सिरमौर चौराहा, जय स्तंभ, चिल्ला, चौखंडी, पीटीएस चौराहा, उर्रहट और प्रकाश चौराहा स्थित मदिरा दुकानों में अनियमितता मिली। जिस पर मदिरा दुकान के संचालकों के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम 1915 अधिनियम एवं राजपत्र की कंडिका के उल्लंघन संबंधी प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इस कार्रवाई से मदिरा दुकान के संचालकों में खलबली मच गई है।बॉक्स तय समय के बाद बिक्री करने पर दो दुकानों पर हुई कार्रवाई बता दें शराब ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय के बाद भी शटर के नीचे से शराब बिक्री की जा रही थी, जिसका एक वीडियो पब्लिक वाणी ने अपने डिजिटल प्लेटफार्म में प्रमुखता के साथ दिखाया था, जिसके बाद आबकारी हमले ने दो दुकानों उर्रहट और प्रकाश चौराहा पर समय सीमा के बाद बिक्री करने पर प्रकरण दर्ज किया है। बॉक्स दुकानों में लगवाई गई रेट सूची कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के स्पष्ट निर्देशों के तहत आबकारी विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान कई दुकानों पर निर्धारित मूल्य सूची (रेट लिस्ट) नहीं पाई,जो कि नियमों का सीधा उल्लंघन है। विभाग की टीम ने कार्रवाई साथ ही, मौके पर ही रेट सूची चस्पा करवाई गई ताकि उपभोक्ताओं को स्पष्ट जानकारी मिल सके और उन्हें किसी प्रकार की ठगी का शिकार न होना पड़े। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि चस्पा की गई यह रेट लिस्ट कितने समय तक दुकानों पर टंगी रहेगी,आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नियमित जांच अभियान जारी रहेंगे और नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन से दुर्घटना के पीडितों के प्रकरण तत्काल प्रस्तुत करें

## मृत व्यक्ति के परिजनों को दो लाख की राशि व घायलों को पचास हजार

हरिभूमि न्यूज, रीवा।



कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अज्ञात वाहन से दुर्घटना के पीडितों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मोटरयान अधिनियम के संशोधित प्रावधानों के अनुसार मृत व्यक्ति के परिजनों को दो लाख रुपए की सहायता राशि दी जाती है। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपए तक की सहायता का प्रावधान है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात सभी थाना प्रभारियों से अज्ञात वाहन के दुर्घटना के सभी प्रकरण की जानकारी अनुविभागीय समिति में दर्ज कराएं। सभी एसडीएम अधिनियम के प्रावधानों के तहत समस्त अभिलेखों के साथ सहायता राशि के लिए प्रकरण कलेक्ट्रेट कार्यालय को प्रस्तुत करें। राहत शाखा के प्रभारी अधिकारी सात दिवस में सभी प्रकरण पूरे विवरण के साथ ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करा दें। प्रकरण के साथ एफआईआर की कॉपी, पीड़ति के आश्रितों के बैंक खाता संख्या, मृत व्यक्ति के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट सहित प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में दर्ज करें,कलेक्टर ने कहा कि राहवीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना के एक घंटे के गोल्डन पीरियड में पीड़ति को अस्पताल पहुंचाने पर 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे दुर्घटना पीडितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए लोग आगे आएं। भारत सरकार की सड़क दुर्घटना पीड़तिों को कैशलेस उपचार योजना 2025 के तहत दुर्घटना पीड़ति को योजना में शामिल अस्पतालों में दुर्घटना से 7 दिन की अवधि तक एक लाख 25 हजार रुपए की सहायता निःशुल्क दी जाती है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना में गंभीर रुपए से घायल व्यक्ति को तत्काल उपचार सहायता उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य विभाग के प्रावधानों के अनुरूप योजना का लाभ पीड़तिों को दिया जाएगा। इस योजना का भी व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने योजना के प्रावधानों की जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीवरेज एवं जलप्रदाय परियोजनाओं का मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण

रीवा ।

### कार्य में देरी पर जताई कड़ी नाराज़गी



मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के रीवा प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट के अंतर्गत संचालित सीवरेज एवं जलप्रदाय परियोजनाओं का निरीक्षण मुख्य अभियंता शैलेंद्र शुक्ला द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री शुक्ला मैहर नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया। उन्होंने कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जीआईएस मैपिंग कर जीटी कंस्ट्रक्शन का कार्य प्राथमिकता से आरंभ करने के भी निर्देश दिए गए। इससे पहले श्री शुक्ला ने कोठी, कोटर, जैतवारा और बिरसिंहपुर के लिए निर्माणाधीन परियोजना जल प्रदाय परियोजना का निरीक्षण किया। गोरैया में प्रस्तावित इंटेक वेल के निर्माण की धीमी गति पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि परियोजना के प्रमुख अवयवों में हो रही देरी अस्वीकार्य है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इंटेक वेल हेतु प्रस्तावित एप्रोच ब्रिज का कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है, जो पूरी परियोजना को प्रभावित कर सकता है। निरीक्षण के अगले चरण में कोटर टाउन में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का जायज़ा लिया गया। यह परियोजना कोठी, कोटर, जैतवारा और बिरसिंहपुर नगर परिषदों को जल आपूर्ति के उद्देश्य से विकसित की जा रही है। निरीक्षण के उपरांत श्री शुक्ला ने संविदाकार को दो दिवस के भीतर आगामी कार्यों हेतु विस्तृत माइक्रो प्लान प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को साप्ताहिक कार्य प्रगति की नियमित समीक्षा करने के आदेश दिए।

# शनि मंदिर बिछिया में धूमधाम से मनाया गया न्याय के देवता का जन्मोत्सव, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज, रीवा।

न्याय के देवता कर्म के फलदाता शनिदेव के जन्मोत्सव के मौके पर शनि मंदिर बिछिया में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने लिया शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। जिले के बिछिया में स्थित प्रख्यात शनि मंदिर में लगभग 25 सालों से शनि भगवान का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, यह शनि मंदिर रीवा के प्रमुख पवित्र स्थानों में से एक है। शनि जन्मोत्सव में भक्तों ने श्रद्धापूर्वक भगवान शनि की पूजा अर्चना की एवं उनके जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया। भक्तों ने भगवान शनि चालीसा व विशेष भजनों के साथ ही उत्सव का आनंद लिया। इसके अलावा आरती की स्थापना भी की गई जिसमें भक्तों ने उत्साह और आनंद के साथदीप जलाए। शनि मंदिर में इस जन्मोत्सव को बड़े धूमधाम के साथ मनाने का पारंपरिक तरीका है। हर वर्ष जन्मोत्सव अवसर पर हजारों भक्त इस मंदिर में एकत्रित होते हैं और शनि भगवान के जन्मोत्सव को समर्पित करते हैं। शनिदेव को न्याय का देवता एवं फलदाता के रूम में पूजा जाता है। कार्यक्रम के आयोजक शनि मंदिर के पुजारी डॉ. प्रदोष राजन जी महराज ने सभी भक्तों को साधुवाद देते हुए कहा की भगवान शनिदेव की नियमित रूप से तेल और उपहारों के साथ पूजा की जाती है और शनि भक्त शनिदेव की कृपा एवं आशीवांद के लिए व्रत रखते हैं। इस विशेष दिन पर शनि महाराज की आठ पत्नियों के साथ सिंगर किया जाता है, शनि जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शनिदेव की अपार कृपा से यशोश्री परिवार व शनिभक्तों द्वारा शनि भगवान का शनि तेल अभिषेक पुष्प अभिषेक भस्म गुरु अभिषेक शनि मंत्रउच्चारण की पूर्ण प्रक्रिया के पश्चात भूमि अभिषेक गण पूजन के व नवग्रह पूजन शोडश पूजन चोषढ़ योगिनी पूजन क्षेत्रपाल शनि पूजन भूमि निर्माण शनि स्थान ग्रहण पश्चात आरती पताका अस्व पूजन एवं संगीत ध्वनि में भंडारा प्रारंभ किया गया।बॉक्स1000 लीटर सरसों तेल से हुआ भव्य अभिषेकजन्मोत्सव पर



1000 लीटर शुद्ध सरसों के तेल से भगवान शनिदेव का महाभिषेक किया गया। इसके उपरांत शनिदेव को



भव्य वस्त्राभूषण गंध-धूप और मालाओं से अलंकृत किया गया। भक्तों के दर्शनार्थ भगवान के पट खोले गए। यह तेल अभिषेक वर्षों से चली आ रही परंपरा है, जिसे कर्म शुद्धि और रोग-निवारण का प्रतीक माना जाता है। इस अभिषेक के बाद उपयोग में लाया गया पवित्र सरसों का तेल प्रसाद के रूप में रीवा सहित आस-पास के जिलों के वृद्धाश्रमों एवं अनाथालयों में वितरित किया जाता है।बॉक्स108 प्रकार के व्यंजनों से लगाया गया शुद्ध देसी घी का भोगजन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गाय के शुद्ध देसी घी से बने 108 प्रकार के विशेष व्यंजनों का भोग भगवान शनिदेव को अर्पित किया गया। भोग को शास्त्रानुसार विशेष पद्धति से तैयार कर विशेष वेदी पर सजाया गया। इसके बाद इस पवित्र भोग को प्रसाद रूप में भक्तों में वितरित किया गया।बॉक्सचतुर्थ कुंड में हवन से पूर्ण होती हैं मनोकामनाएंमंदिर प्रांगण में विशेष रूप से स्थापित चतुर्थ कुंड में वैदिक विधि से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूर्ण आस्था के साथ आहुति प्रदान की। मान्यता है कि इस पावन कुंड में दी गई आहुति से भक्तों की मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं।